nandgaon times april-02-3.qxd 4/1/2026 11:57 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

भगवान महावीर स्वामी 24 वे जन्म... पृष्ठ 2 | कलेक्टर ने सुदूर वनांचल ग्राम... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

गुरूवार, 02 अप्रैल 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 167, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## सभी समाजों के सहयोग से ही विकसित छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार : मुख्यमंत्री साय

### सभी समाजों के सहयोग से ही विकसित छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार, रायगढ़ में उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ के बाबा प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा आयोजित च्उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलनज् में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं च्वंदे उत्कल जननीज् के मधुर गायन के साथ हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को आत्मीयतापूर्वक संबोधित करते हुए कहा कि वे यहां अतिथि के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार के बीच आए हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की जनता ने उन्हें 20 वर्षों तक सांसद के रूप में अपना भरपूर आशीर्वाद दिया है और वही स्नेह एवं अपनापन उन्हें आज भी प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों राज्यों के बीच च्रोटी-बेटीज् का अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा कि जशपुर के कुनकुरी से लेकर छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों तक बड़ी संख्या में लोग उड़िया भाषा बोलते हैं। देवभोग-गरियाबंद क्षेत्र में आज भी महाप्रसाद के रूप में भात मिलता है और छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में रथ यात्रा का आयोजन होता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज की पत्रिका च्सुविधाज् का विमोचन किया, जिसमें समाज के रीति-रिवाज, उपलब्धियां एवं संपर्क विवरण संकलित किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन हेतु 5 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 8 लाख आवास रिकॉर्ड समय में पूर्ण किए जा चुके हैं। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है तथा लगभग 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, जिससे प्रदेश खुशहाली की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्री रामलला दर्शन योजना प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत अब तक लगभग 42 हजार श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर भगवान रामलला के दर्शन कर चुके हैं। इस योजना के माध्यम से आम नागरिकों को सुगम एवं व्यवस्थित रूप से तीर्थ दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को भी पुनः प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों के विरुद्ध



कठोर कानून पारित किया गया है, जिसमें कड़ी सजा एवं जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इससे अवैध धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह एवं जवानों के अदम्य साहस से नक्सलवाद के प्रभाव को समाप्त करने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि अब च्नियद नेल्लानारज् के तहत बस्तर में सड़कों, बिजली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंचाई जा रही हैं, जिससे क्षेत्र में विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में विभिन्न विभागों में 20 से 25 हजार भर्तियां की गई हैं। चयन मंडल का गठन कर पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जिससे युवाओं को बिना किसी भेदभाव के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीएससी गड़बड़ी की उच्च स्तरीय जांच कराई गई है तथा ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रशासन में पारदर्शिता लाते हुए भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए सभी समाजों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य वन एवं खनिज संपदा से समृद्ध है और वन उत्पादों के वैल्यू एडिशन के माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत बकाया बिजली बिलों के भुगतान हेतु आसान किस्तों का विकल्प उपलब्ध कराया गया है तथा सरचार्ज में राहत या छूट दी जा रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्कल समाज की 8 प्रतिभाओं को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।कार्यक्रम के समापन पर मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झारसुगुड़ा विधायक श्री टंकाधर त्रिपाठी, रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## मानव मंदिर चौक में हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा का भव्य स्वागत





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा का मानव मंदिर चौक में हिंदू जागरण मंच द्वारा श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ जोरदार स्वागत किया गया। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। शोभायात्रा के स्वागत के लिए मंच के कार्यकर्ताओं ने विशेष तैयारियां की थीं। जैसे ही यात्रा चौक पहुंची, श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर भगवान श्रीराम की झांकियों का भव्य अभिनंदन किया। कार्यक्रम में महिला इकाई की भागीदारी विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रही। बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर भक्ति गीतों के साथ अपनी आस्था प्रकट की और शोभायात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस दौरान पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर की गई कार्रवाई



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनि अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग की टीम द्वारा आज ग्राम भर्रेगांव, खुटेरी, रवेली, कोटरासरार, अर्जुनी, भोथली, बाघमार सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज अमला द्वारा खनिज मुरूव व मिट्टी एवं मुरूम व मिट्टी का अवैध उत्खनन कर परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें ग्राम खुटेरी निवासी गोविन्द साहू के स्वामित्व की हाईवा-सीजी 07 बीएम 2500 से वाहन चालक ग्राम सिकोला निवासी टोमन यादव द्वारा मुरूम व मिट्टी का अवैध परिवहन तथा ग्राम देवरी निवासी रूपेश साहू के स्वामित्व की जेसीबी-सीजी 24 यू 4031 से वाहन चालक ग्राम केंवट नवागांव निवासी मोहित कुमार द्वारा मुरूम व मिट्टी का अवैध उत्खनन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना सोमनी को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।



## बस्तर की दुर्गम पहाड़ियों और घने जंगलों में जब भी शांति की बहाली और नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक जंग का जिक्र होगा

### एक ऐसे दौर में जब अधिकारी सुगम और शहरी पोस्टिंग की तलाश में रहते हैं, पी. सुंदरराज ने बस्तर को ही अपना घर और अपनी कर्मभूमि बना लिया

**बस्तर।** बस्तर का 'रक्षक' आईजी पी सुंदरराज, जिन्होंने कर्तव्य को सुख-सुविधा से ऊपर रखा

छत्तीसगढ़ के लाल गलियारे में जहां सूरज की किरणें भी डरते हुए पहुंचती थीं, वहां आज अगर विकास और सुरक्षा की नई इबारत लिखी जा रही है, तो उसके पीछे 1999 बैच के द्बक्कस् अधिकारी पी. सुंदरराज की दृढ़ इच्छाशक्ति है। वे केवल एक पुलिस अधिकारी नहीं, बल्कि बस्तर के लिए एक भरोसे का नाम बन चुके हैं। बतौर पुलिस महानिरीक्षक पी. सुंदरराज ने बस्तर में तब कमान संभाली जब चुनौतियां चरम पर थीं। उनके नेतृत्व में बस्तर पुलिस और सुरक्षा बलों ने 'मिशन बस्तर' के तहत कई बड़े ऑपरेशन चलाए। हिड़मा जैसे बड़े माओवादी लीडरों के गढ़ में घुसकर पुलिस ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। उनके नेतृत्व में दर्जनों इनामी माओवादी ढेर हुए और सैकड़ों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान सुंदरराज ने केवल बल का प्रयोग नहीं किया, बल्कि स्थानीय इंटेलिजेंस को भी मजबूत किया। उन्होंने सुरक्षा बलों और ग्रामीणों के बीच की खाई को पाटने का काम भी किया।



**आईजी पी. सुंदरराज का नाम अग्रिम पंक्ति में लिया जाएगा,**

**आत्मसमर्पण और 'लोन वर्राटू'**
**(घर वापस आइए)**

आईजी सुंदरराज का मानना है कि बंदूकों की लड़ाई केवल बंदूकों से नहीं जीती जा सकती। उन्होंने 'लोन वर्राटू' जैसे अभियानों को व्यक्तिगत रूप से मॉनिटर किया, जिससे प्रभावित होकर सैकड़ों नक्सलियों ने हथियार छोड़े और मुख्यधारा में लौटे उनका मानना है कि बदलते बस्तर की तस्वीर बंदूकों से नहीं, बल्कि अपनों के घर लौटने से पूरी होगी। - यह दर्शन उनकी कार्यशैली की पहचान है।इस जाबांज अधिकारी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी निरंतरता रही है। बस्तर जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में लंबे समय तक पदस्थ रहने के बावजूद, उन्होंने कभी सरकार से सुगम पोस्टिंग की मांग नहीं की। वे चाहते तो रायपुर या बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में रहकर आराम की नौकरी कर सकते थे। लेकिन उन्होंने सरकार के हर आदेश को चुनौती के रूप में स्वीकार किया और दुर्गम इलाकों में रहकर अपनी टीम का मनोबल बढ़ाया। राष्ट्रपति पुलिस पदक सहित कई वीरता पुरस्कारों से सम्मानित 1999 बैच के आईजी पी. सुंदरराज का कार्यकाल नए आईपीएस अधिकारियों के लिए एक 'केस स्टडी' है। वे सिखाते हैं कि वर्दी का असली सम्मान बड़े दफ्तरों में नहीं, बल्कि उन क्षेत्रों में सेवा करने से मिलता है जहां जनता को आपकी सबसे ज्यादा जरूरत है। बस्तर आज शांति की ओर कदम बढ़ा रहा है, और इस यात्रा में पी. सुंदरराज का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।

## पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में सैंकड़ों महिलाओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**खुज्जी (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में तीन नए शराब दुकान का संचालन प्रस्तावित है जिसके विरोध में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में क्षेत्र की सैंकड़ों महिलाओं छुरिया पहुंची जहां वे विश्राम गृह से नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंची जहां जोरदार विरोध प्रदर्शन किया ज्ञात है कि क्षेत्र की महिलाए शराब दुकान के संचालन के लिए पिछले कई महीनों से मुखर होकर आवाज उठा रही है,इसी क्रम में आज खुज्जी क्षेत्र की महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा और तहसील कार्यालय का घेराव कर दिया। पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में क्षेत्र की सैंकड़ो महिलाएं तहसील कार्यालय घेरने पहुंची थी जहां प्रदर्शन कर रहें महिलाओं के बीच सांकेतिक रूप से मुख्यमंत्री का आगमन हुआ,मुख्यमंत्री के आगमन होते हुए महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा और महिलाए ,मुख्यमंत्री को बेशरम का फूल और शराब की शीशी भेंट करना चाहा लेकिन महिलाओं के नारेबाजी व आक्रोश को देखते हुए मुख्यमंत्री तहसील कार्यालय परिसर से भाग खड़ा हुए। शराब की शीशी व बेशरम फूल का हार भेंट करने के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा महिलाओं को रोकने का प्रयास किया गया जिसको देखते हुए महिलाएं आक्रोशित हो गई और झूमाझटकी की स्थिति निर्मित हो गई अंततः पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में तहसीलदार आकांक्षा साहू को ज्ञापन सौंपकर संचालन हेतु प्रस्तावित नवीन शराब दुकान को अविलंब बंद करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## सिलेंडर ब्लास्ट से उजड़ा आशियाना, उदयाचल परिवार ने पहुंचाई राहत



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुंदगांव में 30 मार्च 2026 को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब एक मकान में गैस सिलेंडर फटने से अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में पूरा मकान, तथा रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हादसे के दौरान परिवार के मुखिया के साथ पड़ोसी भी आग की चपेट में आ गए, जिससे उन्हें चोटें आईं और परिवार के सामने अचानक गंभीर संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर उदयाचल परिवार ने संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए पीड़ित परिवार की सहायता के लिए तुरंत पहल की। दिनांक 31 मार्च 2026 को दोपहर में उदयाचल परिवार के सदस्य मुंदगांव पहुंचे और प्रभावित परिवार को 15 दिनों का राशन, कपड़े, बर्तन, पलंग सहित अन्य आवश्यक घरेलू सामग्री प्रदान की, जिससे परिवार को इस कठिन समय में राहत मिल सकी। इस सेवा कार्य में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, उत्तमचंद जैन, राजेंद्र बाफना, अशोक मोदी, प्रकाश रंगारी, संतोष शुक्ला एवं गौरव साहू उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम सरपंच श्रीमती भूमिका सिन्हा भी मौके पर मौजूद रहीं। उदयाचल



परिवार के अनुसार, मुंदगांव में हुए इस हादसे के दौरान राहत कार्य में प्रशासन की त्वरित सूचना व्यवस्था बेहद महत्वपूर्ण साबित हुई। सबसे पहले डोंगरगढ़ के एसडीएम श्री भार्गव जी को घटना के सन्दर्भमें सहायता हेतु की सूचना दी गई, जिसके बाद उन्होंने तुरंत तहसीलदार को अवगत कराया। तहसीलदार द्वारा यह जानकारी आगे पटवारी श्री भीषम वर्मा तक पहुंचाई गई। पटवारी श्री भीषम वर्मा ने तत्काल उदयाचल परिवार को सहायता हेतु सूचना दी, जिसके कारण संस्था मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान कर सकी। इस पूरे राहत कार्य में पटवारी श्री भीषम वर्मा का विशेष और सराहनीय सहयोग रहा। घटना की सूचना मिलते ही उदयाचल परिवार सबसे पहले सहायता के लिए आगे आया। उस समय तक किसी भी अन्य समाज सेवा संगठन ने मदद शुरू नहीं की थी। उदयाचल परिवार ने पीड़ित परिवार



के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। उपरोक्त जानकारी संस्था के जनसंपर्क अधिकारी श्री गुरदीप बग्गा द्वारा दी गई।

nandgaon times april-02-3.qxd 4/1/2026 11:57 PM Page 2



# भगवान महावीर स्वामी 24 वे जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## महावीर जयंती समारोह में शोभायात्रा नगर में निकाली गई



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भगवान जैन धर्म के 24 वें तिथंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव (महावीर जयंती) श्वेतांबर जैन अनुनानियो ने धूमधाम के साथ मनाया। पूजा-अर्चना, नवकार मंत्र के जाप उपरांत भव्य शोभायात्रा श्री शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर जी से निकाली गई।* भगवान महावीर स्वामी जी का जन्मोत्सव का अनुनायी बड़ी शिद्दत के साथ मनाते हैं इस कड़ी में आज भक्तिपूर्ण माहौल के बीच शोभायात्रा निकाली गई। सत्य अहिंसा एवं शांति के संदेश से ओत-प्रोत नारों का गुंजायमान किया गया। शोभायात्रा में भगवान महावीर का क्या संदेश, जियो और जीने दो ,अहिंसा परमो धर्म, एवं अन्य उत्प्रेरित करने वाले नारे लगाए गए। शोभायात्रा सदर लाइन बाजार एरिया पुराना बस स्टैंड मुख्य मार्ग फौहारा चौक होते हुए मंदिर की पहुंचे इस दौरान धर्म और लंबियों ने भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा की आरती की एवं आशीर्वाद लिया। शोभा यात्रा में मुख्य आकर्षण गांव मंडावी टोला के दयाराम एवं साथी द्वारा प्रस्तुत माद्री नृत्य था।जिसने सहसा अपनी ओर ध्यान खींचा। साथ ही राजनांदगांव से पधारे श्री चंद्रेश जैन एवं साथी द्वय द्वारा शोभा यात्रा के दौरान भगवान महावीर को समर्पित भजन ने लोगों का ध्यान न केवल अपनी ओर खींचा बल्कि सभी को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर निकले शोभा यात्रा में दिनेश नखत ,स्वरूप चंद श्रीश्रीमाल , धरम बोथरा ,राजेश बोथरा ,कमलेश नखत, शीतल लोढ़ा, रमन नाहटा , मनीष बोहरा, संदीप लोढ़ा, दिलीप नाहटा ललित लोढ़ा पारस लोढ़ा, श्रद्धा बोहरा, निशा सांखला, लक्ष्मी नखत ,सुनीता नखत, नेहा लोढ़ा ,अशोक सांखला, कमलेश नखत अखिलेश नखत,पूनम श्रीश्रीमाल, सारिका बोहरा,अशोक बोहरा के अलावा अर्जुनी श्री संघ से ओमप्रकाश बैद,



विजय जैन ,अभय जैन , कुमरदा से अनुराग डागा, नीरू डागा, खुज्जी से उत्तम चंद नाहटा सुयश नाहटा ,सौरभ नाहटा, प्रमोद राखेचा ,पिनकापार, खामतराई ,आदि स्थानों से भी धर्मावलम्बी भगवान महावीर की जयंती में शामिल हुए।

# मुंदगांव में सिलेंडर विस्फोट से भीषण आगजनी, पूरा घर राख किसान कांग्रेस ने बढ़ाया मदद का हाथ

### घटना में परिवार बेघर, एक व्यक्ति झुलसा राहत सामग्री और आर्थिक सहायता पहुंची मौके पर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुंदगांव में सिलेंडर विस्फोट के कारण हुई भीषण आगजनी ने एक गरीब परिवार को पूरी तरह से तबाह कर दिया। इस दर्दनाक हादसे में न केवल घर जलकर राख हो गया बल्कि एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की जानकारी मिलते ही किसान कांग्रेस के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम मुंदगांव में श्री ओम प्रकाश यादव के घर अचानक सिलेंडर फटने से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में पूरा मकान जलकर खाक हो गया। इस हादसे में परिवार का सारा सामान नष्ट हो गया जिससे वे पूरी तरह बेघर हो गए हैं। घटना के दौरान श्री नारायण वर्मा आग की चपेट में आकर झुलस गए जिनका उपचार जारी है। इस घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष जयचंद ठाकुर ने जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू को अवगत कराया। जानकारी मिलते ही किसान कांग्रेस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री, कपड़े और नगद राशि प्रदान कर तत्काल राहत पहुंचाई। साथ ही प्रशासन से मांग की गई कि परिवार को जल्द से जल्द उचित मुआवजा और सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, ब्लॉक अध्यक्ष जयचंद ठाकुर, ग्राम पंचायत मूदगांव की सरपंच श्रीमती भूमिका सिनहा, जिला किसान महामंत्री द्वारका राम सिन्हा, सेक्टर प्रभारी नर्सिंग वर्मा सहित कई कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। किसान कांग्रेस ने इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहने और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से जल्द सहायता की मांग की है ताकि परिवार दोबारा सामान्य जीवन जी सके।

## नीरज विद्या मंदिर में मना शाला प्रवेशोत्सव


**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई, अंग्रेजी माध्यम), मोहड़ में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। संस्था की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती



पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य श्री जिवेश द्विवेदी ने बच्चों का पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया। उन्हें तिलक लगाया गया। साथ ही चॉकलेट्स भी वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि प्रवेशोत्सव के लिए शाला परिवार ने सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली थीं। प्रत्येक कक्षाओं को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। साथ ही इन कक्षाओं में अलग-अलग विषयों के चार्ट्स भी लगाए गए हैं। शिक्षण सहायक सामग्रियों की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर शिक्षक वृंद द्वारा नियमित प्रार्थना सभा एवंसुमधुरगीतों की प्रस्तुतिदेतेहुए कार्यक्रम को नइ ऊँचाइयों तक ले जाया गया। संगीत शिक्षक श्री डोमेश्वर सिन्हा एवं शुभम शेण्डे के नेतृत्व मे प्रेरक गीतों की शानदार प्रस्तुति हुई। एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि हर अवसर महत्वपूर्ण होता है और इसका अधिक से अधिक लाभ छात्र-छात्राओं को उठाना चाहिए। प्राचार्य श्री जिवेश द्विवेदी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि नए संकल्प के साथ विद्यार्थियों को अध्ययन में जुट जाना चाहिए। कक्षा 6वीं से 8वीं के विद्यार्थियों के लिए इसी वर्षसीबीएसईकौशल विषय के अंतर्गत कोडिंग विषय प्रारंभ होगा।जिसमें विद्यार्थियों द्वारा कोडिंग मॉड्यूल परीक्षा उपरांत उन्हे सीबीएसई से सर्टिफिकेट मिलेगा। इससे विद्यार्थियो को भविष्य में रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। संस्था के बोर्ड ऑफडायरेक्टर्स एवं अंचल के युवा शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी सर ने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की है कि वे इस एक मात्र सीबीएसइ स्कूल का अधिकाधिक लाभ अपने बच्चों के लिए उठाएँ। उन्होंने स्कूल के शैक्षणिक वातावरण एव शिक्षा सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षा परिणामों को संस्था की उपलब्धि बताया। संस्था के प्रशासक श्री जी राम सिन्हा ने बताया कि संस्था में प्रवेश प्रारंभ है। प्री-प्रायमरी की कक्षाएँ सिटीब्रांच (बाहुबली हार्डवेयर के बाजू ) में और कक्षा पहली से बारहवींतक का अध्ययन-अध्यापन मोहड़ स्थित बिल्डिंग में होता है।

## राजनांदगांव में धूमधाम से मनाई जाएगी पीपा जयंती

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पीपा क्षत्रिय समाज द्वारा इस वर्ष



भी संत शिरोमणि संत पीपा जी महाराज की जयंती 2 अप्रैल को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। शहर के बाबा रामदेव मंदिर परिसर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समाज के वरिष्ठ सदस्य कोमल तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि राजनांदगांव में निवासरत पीपा क्षत्रिय समाज, जिनकी मूल जड़ें राजस्थान से जुड़ी हैं, वर्षों से इस परंपरा को निभाते आ रहे हैं। बाबा रामदेव मंदिर परिसर, जिसका निर्माण समाज के अग्रणी सदस्य बिललाकी दास जी तंवर बाबा द्वारा कराया गया था जिसका प्राण प्रतिष्ठा समारोह 1962 में हुआ था तथा इसी परिसर में राधा-कृष्ण मंदिर की स्थापना लगभग 35 वर्ष पूर्व की गई है। यही मंदिर आज पीपा क्षत्रिय समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है और आज आज के दिन आसपास क्षेत्रों के सामाजिक लोग यहां एकत्रित होते हैं। विभिन्न आयोजनों की जानकारी देते हुए कोमल तंवर ने बताया कि — सुबह 9:00 बजे से संत पीपा जी महाराज का अभिषेक एवं पूजन किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे से भगवान सत्यनारायण भगवान की कथा एवं आरती का आयोजन होगा। दोपहर 1:00 बजे से भजन-कीर्तन प्रारंभ होगा। रात्रि 9:00 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाजजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उत्सव में शामिल होने डोंडीलोहारा से आए समाज के वरिष्ठ संरक्षक नंदू जी तंवर ने बातचीत में कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है।

**शुभांक**


**6-8-0**

**678-1 126-9**

**भाग्यांक**

**270-9 278-7**

# शक्ति के हाथों चुनरी ग्रहण कर भावुक हुए गायक सुनील बंसोड़, 0 देवी जस गीतों की शानदार प्रस्तुति दी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी (26 मार्च 2026) के दिन भरकापारा में आयोजित भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोक एवं भजन गायक सुनील बंसोड़ की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और वातावरण माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान एक अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक क्षण तब देखने को मिला जब नारी शक्ति के हाथों सुनील बंसोड़ ने चुनरी ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर ने न केवल भक्ति की भावना को और प्रगाढ़ किया बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और उनकी गरिमा का संदेश भी दिया। सुनील बंसोड़ ने अपनी मधुर आवाज़ में भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। उनके गीतों पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरे आयोजन स्थल पर श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत वातावरण बना रहा। इस पावन अवसर पर सुनील बंसोड़ ने माता रानी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके जीवन का अत्यंत सौभाग्यशाली क्षण है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति और विशेष रूप से भाई दीपक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही जिन्होंने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भजनों का आनंद लिया। भरकापारा का यह आयोजन नवरात्रि के पावन पर्व पर आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।



# विधायक भोलाराम साहू के आतिथ्य में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती पतोरा में धूमधाम से सम्पन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पतोरा में दिनांक 24 मार्च 2026, मंगलवार को तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री भोला राम साहू उपस्थित रहे। वहीं प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष श्री भागवत साहू ने की। विशेष अतिथियों में श्री नीलमणी साहू (महामंत्री, जिला साहू संघ राजनांदगांव), श्री शिवराम साहू (अध्यक्ष, तहसील साहू संघ डोंगरगांव), प्रभारी श्रीमती उत्तरा भाई सेनडे (सरपंच, ग्राम पंचायत महरुम), श्री गोपाल सिंह कोसमा (शिक्षक), श्री पुरुषोत्तम साहू (संरक्षक, जिला साहू संघ), श्री माधव साहू (संगठन सचिव), श्री घनश्याम साहू (मीडिया प्रभारी), श्री मिलाप दास साहू (अध्यक्ष, तहसील साहू संघ कुमरदा) सहित



अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा तहसील साहू संघ कुमरदा के पदाधिकारियों में भवभूति कलियारी (सचिव), डूमेश्वर साहू (कोषाध्यक्ष), श्रीमती फनेश्वरी साहू, सविता साहू, संगीता साहू (उपाध्यक्षगण) एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही परिक्षेत्र एवं ग्रामीण स्तर के अनेक अध्यक्ष एवं पदाधिकारी जैसे युगल किशोर साहू, तुकाराम साहू, याद राम साहू, फकीर साहू, भुवन साहू, तिलोचन साहू, भालचंद साहू सहित समाज के अनेक सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण आमाकट्टा के साहू समाज के नन्हे-नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कर्मा जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में एकता, संस्कृति और परंपरा को बनाए रखने का संदेश दिया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# जोंधरा में मार्च का चावल नही मिलने पर गुस्साई जनता



### रात के ग्यारह बजे तक लगा रहा मजमा

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम जोंधरा सेवा सहकारी समिति में उस समय बवाल मच गया जब सेवा सहकारी समिति के सदस्यों ने राशन के लिए आये कार्डधारियों से कह दिया कि अब मार्च माह का राशन आबंटन नही होगा, ये बात देखते ही देखते जोंधरा व आश्रित ग्राम मोंहगांव में फैल गया। फिर एकसाथ ग्रामीणों का हुजुम समिति पंहुचकर मार्च माह का चावल देने की बात करने लगे, इस पर समिति के सदस्यों ने ऊपर वाले अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि मार्च एकाउण्ट है तो अब मार्च माह का चावल नही मिलेगा। इससे ग्रामीण उत्तेजित हो गये चूंकि राशन ग्राम जोंधरा में 23 तारीख से पंहुचा था, पर किसी कारण वश समिति के सदस्यों द्वारा उसका आबंटन नही किया गया था, अब 30 मार्च को उसका आबंटन प्रारंभ हुआ तो स्वाभाविक है कि एक ही दिन में सभी कार्डधारियों को चावल वितरण कर पाना संभव ही नही हो सका था। ग्रामीणों की मांग - ग्रामीणों की मांग कि हमें मार्च माह का चावल चाहिए, यदि राशन देरी से पंहुचा है तो उसकी जवाबदारी समिति और प्रशासन की है, इसमें ग्रामीणों का क्या कसूर है, देर रात तक समिति के पदाधिकारी ग्रामीणों को ये बताने में असमर्थ रहे कि उन्हे चावल मिलेगा या नही।

शासन को पत्र लिखा गया है, एकाउण्ट खुलते ही ग्रामीणों को मार्च माह का चावल प्रदान कर दिया जायेगा।

**हितेश मानिकपुरी, खाद्य निरीक्षक - छुरिया**

# जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ, मोबाइल एक्स-रे सेवा का किया निरीक्षण







**मनोज यादव**

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला चिकित्सालय परिसर मोहला में आज स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 4 नवीन 108 संजीवनी एक्सप्रेस वाहनों का विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त सभी एम्बुलेंस वाहन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौकी, मानपुर एवं मोहला के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र औंधी के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। इन वाहनों के संचालन से क्षेत्र के ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में रहने वाले नागरिकों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं त्वरित रूप से प्राप्त हो सकेंगी, जिससे समय पर उपचार मिलना सुनिश्चित होगा और जनजीवन की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती नम्रता सिंह ने नए मोबाइल एक्स-रे मशीन का भी निरीक्षण किया। यह अत्याधुनिक सुविधा अब गांव-गांव जाकर मरीजों की जांच करेगी, जिससे लोगों को जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता कम होगी और समय व संसाधनों की बचत होगी। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को और अधिक मजबूत बनाएगी। श्रीमती नम्रता सिंह ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं और इसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव**
**जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

अ/6(अ) 2025-26

एतद द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम प.ह0नं0 इंदामरा 28 तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका आवेदक नरेश कुमार चिण्डा पिता स्व.सुखराज चिण्डा. निवासी कौरीनभाठा राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के माता इन्दरबाई पत्ति सुखराज गॉड. निवासी भूमि खसरा नं0 412 में से रकबा 0.450हे.भूमि को पंजीकृत विकय पत्र के माध्यम से विकेतागण सुरजाबाई पति रामजी गोंड़ व अन्य, निवासी ग्राम इंदामरा से कय किया गया हैं। जिसका नामांतरण कमांक 26/02/1980 को हुआ था। नामांतरण पश्चात आवेदक के माता के नाम पर राजस्व अभिलेखों में खसरा नं0 412/2 रकबा 0.450हे0 दर्ज हुआ था। खसरा पांचशाला वर्ष 1993-94 से 1997-98 एवं वर्ष 2010-11 से वर्ष 2014-15 तक दर्ज था। वर्तमान ऑनलाईन राजस्व रिकॉर्ड में इन्दरबाई पति सुखराज गोंड का नाम एवं रकबा त्रुटिवश छुट गया हैं। अतः आवेदक द्वारा ऑनलाईन राजस्व रिकॉर्ड में माता इन्दरबाई पति सुखराज गोंड का नाम दर्ज कर रिकॉर्ड दुरूस्त किये जाने बाबत् आवेदनमय बी-1 नकल, खसरा, ऋण पुस्तिका तथा बयनामा की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति आगामी सुनवाई दिनांक 08/04/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। आगामी सुनवाई तिथि के पश्चात् दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त ईश्तहार आज दिनांक 25/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक : 25/03/2026**
**सुनवाई दिनांक:- 08/04/2026**

**सील** **नायब तहसीलदार राजनांदगाव (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव**
**जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं. E- 202603090400030 अ-6 वर्ष 2025-26

एतद द्वारा समस्त ग्रामयानी ग्राम -लिटिया प. ह. नं. 30 राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सुशीला गोलछा धर्मपत्नी संतोष चंद गोलछा निवासी इद्रांनगर राजनांदागंव द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका द्वारा ग्राम लिटिया स्थित भूमि खसरा नं. 227/3क का टुकड़ा रक्बा 0.024हे. भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र विलेख निष्पादन दिनाक 22/12/2016 अनुसार विक्रेता श्रीमती चंदा देवी डागा धर्मपत्नी संतोष डागा निवासी ग्राम चौखड़िया पारा राजनांदगांव के विधिवत क्रय किया गया है। आवेदिका क्रय दिनांक से उक्त भूमि पर काबिज है। विक्रेता को कोई भी राशि भुगतान हेतु शेष नहीं है। आवेदिका द्वारा जानकारी के अभाव में नामांतरण नहीं कराया गया है। जिसके कारण आनलाईन राजस्व रिकार्ड में अभी भी विक्रेता का नाम दर्शित हो रहा है। अतः आवेदिका द्वारा पंजीकृत बयनामा के आधार राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने बाबत बी-1, खसरा, तलवाना, पंजीकृत बयनामा की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में अनावेदक विक्रेता का कथन लिया जाना आवश्यक है। अतः प्रकरण ईकोर्ट में सस्तांतरित क्रिया नथा। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन इस न्यायालय में लंबित है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 15/04/2026 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 23/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनाक 23/03/2026**
**सुनवाई दिनांक 15/04/2026**

**सील** **नायब तहसीलदार राजनांदगाव (छ.ग.)**

## ज्ञान मंथन

*1) भारतीय सेना द्वारा हाल ही में शामिल की गई च्शौर्य स्क्वाड्रनज् मुख्यत: किस प्रकार की रेजिमेंट से संबंधित हैं?*
*2) आईएनएस सावित्री का निर्माण किस भारतीय शिपयार्ड ने किया था?*
*3) वर्ल्ड रेडियोग्राफी डे 2025 की थीम क्या है?*
*4) वाल्मीकि रामायण की दुर्लभ पांडुलिपि स्थायी रूप से किस संस्था को भेंट की गई है?*
*5) लिथुआनियाई उपन्यास च्द लास्ट डेज्ज् के लेखक कौन हैं, जिसका हाल ही में साहित्य अकादेमी द्वारा हिंदी में अनुवाद किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) बख्तरबंद रेजिमेंट (2) मझगांव डॉक लिमिटेड, मुंबई (3) रेडियोग्राफर: अनदेखे को देखना (4) अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय, अयोध्या (5) जारोस्लावास मेल्निकास

# कलेक्टर ने सुदूर वनांचल ग्राम भुरसीपकरी में लगाई रात्रि चौपाल

## जिले के अंतिम छोर में बसे बैगा आदिवासियों के साथ जमीन पर बैठकर की चर्चा , झिरिया में सेनेटरी वेल का होगा निर्माण, ताकि गांव में साल भर मिले पानी

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के अंतिम छोर में बसे बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल एवं बैगा बाहुल्य ग्राम भुरसीपकरी की योजनाओं में क्रियान्वयन का मुआयना करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा स्वयं गांव पहुंचे। उन्होंने यहां रात्रि चौपाल लगाकर बैगा आदिवासियों के साथ जमीन पर बैठकर बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं, शिकायतें और मांगें विस्तार से सुनीं तथा कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। कलेक्टर को रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल समस्या की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या होती है। करीब डेढ़ किलोमीटर दूर झिरिया से पानी लाना पड़ता है, जिससे काफी



कठिनाई होती है। उन्होंने बताया कि झिरिया में सालभर पानी उपलब्ध रहता है। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएचई विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेकर समाधान की दिशा में तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि झिरिया में सेनेटरी वेल बनाया जाएगा। सेनेटरी वेल में मोटर पंप लगाकर और पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाने की योजना तैयार की गई है और शासन को भेजा गया है। कलेक्टर ने बताया कि जिले के ऐसे सभी वनांचल गांवों का सर्वे किया जा रहा है, जहां झिरिया से पानी लाना पड़ता है। इन गांवों के लिए भी इसी तरह की योजना बनाकर सेनेटरी वेल मोटर पंप और पाइपलाइन के माध्यम से सालभर पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। कार्यपालन अभियंता दिलीप राजपूत ने बताया कि वर्तमान में गांव में 3 सोलर पंप स्थापित है जिससे पेयजल आपूर्ति की जाती है, गर्मी के दिनों में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण समस्या होती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से गांव में साल भर पानी की आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए कार्य योजना तैयार किया गया है।

## सहायक राजस्व निरीक्षक को नगर पंचायत कर्मियो ने दी भावभिनी बिदाई

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत में वर्ष 1985 से भर्ती होकर अपनी शासकीय सेवा पूर्ण करने वाले सहायक राजस्व निरीक्षक जलील अहमद रब्बानी को सोमवार को निकाय से भावभीनी बिदाई दी गई। सहायक राजस्व निरीक्षक जलील रब्बानी को नगर पंचायत के अधिकारिी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियो ने बाजे गाजे के साथ उनके निवास तक बिदाई करने गए ।जिस संस्था में भर्ती हुए और एक ही स्थान पर निरंतर चालीस वर्ष तक सेवाए देने वाले नगर पंचायत के सहायक राजस्व निरीक्षक जलील अहमद रब्बानी को इस संस्था के अधिकारी कर्मचारियो व जनप्रतिनिधियो ने अपने कार्यालय में सोमवार को एक गरिमामय समारोह में बिदाई दी। समारोह में निकाय के द्वारा श्री रब्बानी का शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मनित किया गया। एक घंटे तक चले कार्यक्रम में नगर पंचायत के सीएमओ विजय पांडेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक वर्मा, पार्षद श्रीमती ईश्वरी ध्रुवे, किशुन पटेल, झरनेश कुंभकार इत्यादि प्रमुख जनप्रतिनिधियो ने श्री रब्बानी द्वारा नगर पंचायत के विकास में दिए गए योगदान एवं नगरवासियो की निष्ठापूर्ण सेवा कार्य को स्मरण करते हुए उन्हे एक कर्तव्यनिष्ट व ईमानदार शासकीय सेवक बताया। बताया गया कि वे सदैव समय पर अनुशासित ढंग से सभी से समन्वय बनाकर कार्य करते रहे इसलिए जनमानस के साथ साथ अपने सहकर्मियो में लोकप्रिय रहे । सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री योगेश्वर सिह ठाकुर, एकाउटेंट तिलक यादव ने निकाय के अन्य कर्मियो से सहायक राजस्व निरीक्षक के कार्यो एवं आचरण से सीख लेकर कार्य करने का आहवान किया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की बहोत कम शासकीय सेवक ऐसे होते है जो जिस कार्यालय में भर्ती हुए और अपनी पुरी शासकीय सेवा पूर्ण कर उसी कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए है। श्री रब्बानी अपनी पुरी शासकीय सेवा में एक निर्विवाद कर्मचारी के रूप में सामने आए । नगर अध्यक्ष ने श्री रब्बानी द्वारा नगर विकास में दिए गए योगदान को नमन करते हुए उन्हे एक आदर्श शासकीय सेवक बताया।



## निधन



**बरातू राम सोनकलिहारी**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महेंद्र नगर लाल बाग कलेक्टर कार्यालय से सेवानिवृत्त निर्वाचन पर्यवेक्षक बरातू राम सोनकलिहारी का बुधवार को निधन हो गया। गुरुवार को सुबह 10 बजे निज निवास से अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। लखोली-मठपारा स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे पुत्र पूर्व प्रभारी प्राचार्य मनोज सोनकलिहारी व तीन पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड गए हैं। स्व. बरातू अआयकर सलाहकार कमलकिशोर साहू के चचेरे बड़े भैया थे।

## सशस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति संकल्प पूर्ति पर सिद्ध खेड़ापति हनुमान महाराज मंदिर प्रांगण कवर्धा में हनुमंत भंडारा का आयोजन

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्ड )।** 31 मार्च 2026 की नियत तिथि तक बस्तर सहित छत्तीसगढ़ से सशस्त्र नक्सलवाद के पूर्णत: समाप्त होने की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में 2 अप्रैल को कवर्धा स्थित खेड़ापति हनुमान जी महराज मंदिर में पावन हनुमंत भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन आयोजन के माध्यम से प्रदेश में स्थापित शांति, सुरक्षा और समृद्धि के नए युग का अभिनन्दन करते ईश्वर का आभार नमन-वंदन किया जाएगा। 4 दशकों से अधिक समय से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से जूझ रहा था। नक्सलवाद ने विशेषकर बस्तर अंचल को लंबे समय तक प्रभावित किया, जहां हजारों लोगों की जाने व बुनियादी विकास कार्य बाधित रहे और आम जन-जीवन असुरक्षा व दंश के बारूदी साये में रहा। बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के कई अन्य जिले भी नक्सलवाद से पीड़ित और प्रभावित रहे, जिसमें कबीरधाम जिला भी शामिल है। प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री के संकल्प के अनुसार नियत समय पर आज छत्तीसगढ़ ही नहीं, समूचे देश से सशस्त्र नक्सलवाद का अंत हो रहा है, दशकों से चली आ रही हिंसा और भय का दौर समाप्त हो रहा है, तब आम लोगों में भी खुशी का माहौल है। जन सामान्य में खुशी इस बात की भी है, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के गृह मंत्री के रूप में कवर्धा के विधायक ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। सबसे अहम तथ्य यह कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों के साहस, वीरता और बलिदानों के कारण संभव हो सकी है। उन जवानों के अमर बलिदान का पावन स्मरण और भगवान खेड़ापति हनुमान जी महराज का पूजन अर्चन कर प्रदेश में शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के साथ पावन भंडारा का शुभारंभ प्रात: 11 बजे किया जाएगा। खेड़ापति हनुमान महाराज जी की असीम कृपा से हम सब उस लक्ष्य को प्राप्त कर सके जो वर्षो तक असाध्य माना जाता था। अंजनीनंदन , श्रीराम भक्त वीर हनुमान जी की अशेष कृपा से आज हमारा छत्तीसगढ़ के शान्तिमार्ग पर आरूढ़ हुआ। आइए इस पावन अवसर पर हम सब मारूतिनंदन के श्रीचरणों मे नमन-वन्दन कर उनके असीम आशीर्वाद का वरण करे।



## फल सब्जियों के तुड़ाई उपरांत प्रबंधन और मूल्य संवर्धन द्वारा उद्यमिता एवं कौशल विकास विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव में सोमवार दिनांक 30.03.2026 को फार्मर्स फर्स्ट परियोजना वित्त पोषित किसानों, कृषक महिलाओं और ग्रामीण युवाओं के लिए आय सृजन हेतु फल सब्जियों के तुड़ाई उपरांत प्रबंधन और मूल्य संवर्धन द्वारा उद्यमिता एवं कौशल विकास विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन किया गया ढ्ढ यह कार्यक्रम फार्मर्स फर्स्ट परियोजना के प्रभारी एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय सुरगी राजनांदगांव डॉ. विनम्रता जैन के सफल मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में जिले के एवं फारमर्स फर्स्ट परियोजना जो विकास खंड अम्बागढ़ चौकी के लगभग 80 से भी अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया ढ्ढ कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन ने आए हुए किसानों को इनके आय सृजन हेतु फल सब्जियां के तुड़ाई उपरांत प्रबंधन और मूल्य संवर्धन द्वारा उद्यमिता एवं कौशल विकास पर जोर देने की बात कही।



## सर्वाधिक परिवारो को रोजगार, सर्वाधिक मानव दिवस का रोजगार सहित सर्वाधिक दिव्यांग जनों को रोजगार देने के मामले में कबीरधाम जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना का बेहतर क्रियान्वयन कर कई उपलब्धियां हासिल करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उप मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले ने ग्रामीणों को सर्वाधिक मानव दिवस का रोजगार देने, सर्वाधिक परिवारों को रोजगार, सर्वाधिक दिव्यांग जनों को रोजगार देने सहित अनेको पैरामीटर पर कई उपलब्धियां अपने नाम की। उपमुख्यमंत्री द्वारा लगातार विभागीय समीक्षाओं के दौरान शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने प्रोत्साहित किया जाता रहा है। और आज इसी का परिणाम है कि कबीरधाम जिले ने मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में एक बार फिर अपना नाम प्रथम पंक्ति में स्थापित किया है।



**मनरेगा योजना के पैरामीटर्स जिसमें कबीरधाम ने हासिल की उपलब्धि**

1) सर्वाधिक मानव दिवस रोजगार का सृजन- जिले के ग्रामीणों को 5854040 मानव दिवस का रोजगार मिला। जो प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। 2) सर्वाधिक ग्रामीण परिवारों को रोजगार- जिले के 142482 ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिला, जो प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। 3) सर्वाधिक दिव्यांग जनों को रोजगार- जिले में 2538 दिव्यांग जनों को 58493 मानव दिवस का रोजगार दिया गया। जो प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

## गायत्री एलुमनी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ द्वारा मोहारा रोड स्थित एवरग्रीन टर्फ में बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता त्र्क्करु का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। स्वागत भाषण गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन एवं कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या जी द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को एक मंच पर लाकर आपसी संबंध मजबूत करना एवं खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ साथ अनुशासन भावना का विकास एवं समाज में एकता, सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। सभी मैच क्रीडा अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा एवं उनकी टीम के कुशल नेतृत्व में संपन्न होगा। उक्त आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सुनीता सोमानी एवं किरण चांडक जी की उपस्थित थी। मैच में कुल 12 टीमों के बीच 6 मैच खेले गए जिसमें टीम पॉजिटिव बन्दे, बालाजी 11, टाइटन 2003, वाइरल वीडियोज, मनीधारी ब्लास्टर्स, विक्रमादित्य द लीडर इन छ: टीमों ने जीत दर्ज की। इस रोमांचक मुकाबले में सभी खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन काबिले तारीफ था। दर्शक दीर्घा से खचाखच भरे मैदान निरंतर बजती तालियाँ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करती रही। मैच की शानदार कमेन्ट्री खेल शिक्षक जयेश मुदलियार द्वारा की गई। शानदार संचालन विद्यालय की शिक्षिका अंजलि सोनवानी एवं सोनल रायचा द्वारा किया गया।



## छ.ग. प्रदेश की जनता के हित में संपत्ति कर में 50 प्रतिशत राशि कम करने की सी.एम. से मांग - ओस्तवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से छ.ग. राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव जी से यह मांग की है की छ.ग. प्रदेश की आम जनता के हितों के लिए महंगाई के इस गंभीर दौर में शासन द्वारा प्रदेश में लागू संपत्ति कर की राशि में नए वित्तीय वर्ष से संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की राशि कम करने की घोषणा की जाए क्योंकि प्रदेश की आम जनता जहां महंगाई का गंभीर सामना कर रही है । उन सब परिस्थितियों को देखते हुए छ.ग. शासन के मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री से चाहूंगा की तत्काल संपत्ति कर की राशि में 50 प्रतिशत कम कर आम जनता को राहत प्रदान करें एवं राजनांदगांव शहर के महापौर मधुसूदन यादव से चाहुंगा की संस्कारधानी की जनता के पक्ष में निगम की एम.आई.सी. में 50 प्रतिशत संपत्ति कर कम करने का निर्णय पारित करते हुए शासन को तत्काल भेजें और अपने पद और कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए जनता के हित में क्रांतिकारी निर्णय लेते हुए आम जनता को राहत प्रदान करें क्योंकि पूर्व में कई उद्योगों को संपत्ति कर में मंहगाई को देखते हुए शासन ने संपत्ति कर कम का निर्णय लिया हुआ है।



## धर्म समाचार....

# भक्ति , शक्ति और ऊर्जा के प्रतीक हैं हनुमान जी

**अरविन्द तिवारी**

**हनुमत प्राकट्योत्सव पर विशेष**

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स ) ।** हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार श्रीराम भक्त संकटमोचन हनुमान का प्राकट्य चैत्र पूर्णिमा को मंगलवार के दिन चित्रा नक्षत्र और मेष लग्न के योग में हुआ था।?प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आज भगवान श्रीराम भक्त संकटमोचन हनुमान का प्रकटोत्सव है। ज्ज् राम काज कीन्हें बिनु , मोहिं कहां विश्रामज्ज् ये दोहा बताता है कि प्रभु श्रीराम के लिये ही श्रीहनुमान अवतार लेते हैं। राम विष्णु के अवतार हैं तो श्री हनुमानजी ग्यारहवें रुद्रावतार हैं। बिना हनुमान की भक्ति के रामभक्ति पाना असंभव है। हनुमत प्राकट्योत्सव की महत्ता , पूजा-आराधना और इनसे मिलने वाले फलों के बारे में अरविन्द तिवारी ने बताया सात चिरंजीवियों में एक श्री हनुमानजी की साधना कलयुग में सबसे अधिक की जाती है। देश का शायद ही ऐसा कोई कोना होगा जहाँ पर अष्ट सिद्धि के दाता की श्रीहनुमान जी की पूजा ना की जाती हो। हनुमानजी संकटमोचन हैं जिनके सुमिरन करने मात्र से ही बड़े से बड़े संकट और दु:ख दूर हो जाते हैं। हनुमानजी का प्राकट्य ऋषियों के वरदान से पिता वानर राज केसरी और माता अंजनी के घर हुआ। संपूर्ण भारत में हनुमान जयंती बहुत ही भक्तिभाव के साथ मनायी जाती है , लोग विधि विधान से हनुमानजी की पूजा आराधना करते हैं।? भगवान विष्णु को रामावतार के समय सहयोग करने के लिये रूद्रावतार हनुमानजी प्रकट हुये थे। सीता खोज , रावण युद्ध , लंका विजय में हनुमान जी ने अपने प्रभु श्रीराम की पूरी मदद की , उनके जन्म का उद्देश्य ही राम भक्ति था। हनुमान जी सभी लोकों में सबसे शक्तिशाली हैं और उन्हें शक्ति और ऊर्जा के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। वे रामायण के प्रमुख पात्रों में से एक हैं जो भगवान राम के समर्पित शिष्य बने। रामायण में हनुमान की शक्ति और वीरता के बारे में कई संदर्भ मौजूद हैं। हनुमान के बिना , भगवान राम रावण के खिलाफ अपनी लड़ाई में सफल नहीं होते और सीता को उनकी कैद से नहीं निकाल पाते। इसलिये लोग हनुमान को भक्ति , शक्ति और ऊर्जा के प्रतीक के रूप में पूजते हैं और नकारात्मक शक्तियों को दूर करने के लिये जादुई शक्तियां रखते हैं। हनुमान जी को शक्ति , ज्ञान , वीरता , बुद्धिमत्ता और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। ऐसा माना जाता है कि वे जीवन भर ब्रह्मचर्य का पालन करने वाला अमर हैं और सभी प्रकार के नकारात्मक प्रभावों या प्रलोभनों को रोकने की शक्ति रखते हैं। जिसने अपना जीवन भगवान राम और सीता के लिये समर्पित कर दिया। उसने बिना किसी उद्देश्य के कभी भी अपनी ताकत या वीरता नहीं दिखायी। हनुमान जी में बुराई के खिलाफ जीत हासिल करने



और सुरक्षा प्रदान करने की क्षमता है।आज के दिन कई लोग उपवास भी रखते हैं। कहते हैं कि इस दिन बजरंगबली की विधि-विधान से पूजा करने वालों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। हनुमान की उपासना के लिये यह दिन बहुत ही उत्तम माना गया है। इस दिन हनुमान मंदिरों में भक्तों का भारी जमावड़ा लगता है। लोग विधि विधान से प्रभु श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी को प्रसन्न करने की कोशिश करते हैं। कहा जाता है आज के दिन विधि अनुसार हनुमान जी की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान राम की पूजा-अर्चना करने से भी हनुमान जी प्रसन्न होते हैं। हनुमान प्राकट्योत्सव पर भगवान राम की पूजा किये बिना हनुमान जी की पूजा अधूरी मानी गई है। इस दिन हनुमान चालीसा और रामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ करने और लड्डू या बूंदी के प्रसाद का भोग लगानी चाहिये। वहीं संतान प्राप्ति के लिये भी हनुमान प्राकट्योत्सव का विशेष महत्व है। पौराणिक कथाओं में कहा गया है कि अगर शनि को शांत करना है तो भगवान श्री हनुमान जी को प्रसन्न करना चाहिये। ऐसा इसलिये कहा गया है कि जब हनुमानजी ने शनिदेव का घमंड तोड़ा था तब सूर्यपुत्र शनिदेव ने हनुमानजी को वचन दिया है कि उनकी भक्ति करने वालों की राशि पर आकर भी वे कभी उन्हें पीड़ा नहीं देंगे। ऐसी मान्यता है की हनुमान प्राकट्योत्सव के दिन जो भी व्यक्ति हनुमानजी की भक्ति और दर्शन करता है , उसके सभी दुख-दर्द दूर हो जाते हैं। हनुमान जी का जन्म वैसे तो दो तिथियों में मनाया जाता है - पहला चैत्र माह की पूर्णिमा को तो; दूसरी तिथि कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। उनकी जयंती को लेकर दो कथायें भी प्रचलित हैं। धर्मग्रंथों में उल्लेख है कि माता अंजनी के उदर से हनुमान जी पैदा हुये। उन्हें बड़ी जोर की भूख लगी हुई थी. इसलिये वे जन्म लेने के तुरंत बाद आकाश में उछले और सूर्य को फल समझ खाने की ओर दौड़े। उसी दिन राहू भी सूर्य को अपना ग्रास बनाने के लिये आया हुआ था लेकिन हनुमान जी को देखकर उन्होंने इसे दूसरा राहु समझ लिया। तभी इंद्र ने पवनपुत्र पर वज्र से प्रहार किया जिससे उनकी ठोड़ी पर चोट लगी व उसमें टेढ़ापन आ गया . इसी कारण उनका नाम भी हनुमान पड़ा। इस दिन चैत्र माह की पूर्णिमा होने से इस तिथि को हनुमान जयंती के रुप में मनाया जाता है। वहीं दूसरी कथा माता सीता से हनुमान को मिले अमरता के वरदान से जुड़ी है। एक बार माता सीता अपनी मांग में सिंदूर लगा रही थी तो हनुमान जी को यह देखकर जिज्ञासा जागी कि माता ऐसा क्यों कर रही हैं ? उनसे अपनी शंका को रोका ना गया और माता से पूछ बैठे कि माता आप अपनी मांग में सिंदूर क्यों लगाती हैं? तब माता सीता ने कहा कि इससे मेरे स्वामी श्रीराम की आयु और सौभाग्य में वृद्धि होती है रामभक्त हनुमान ने सोचा जब माता सीता के चुटकी भर सिंदूर लगाने से प्रभु श्री राम का सौभाग्य और आयु बढ़ती है तो क्यों ना पूरे शरीर पर ही सिंदूर लगा लूँ। उन्होंने ऐसा ही किया , इसके बाद माता सीता ने उनकी भक्ति और समर्पण को देखकर महावीर हनुमान को अमरता का वरदान दिया। माना जाता है कि यह दिन दीपावली का दिन था इसलिये इस दिन को भी हनुमान जयंती के रुप में मनाया जाता है और सिंदूर चढ़ाने से बजरंग बलि के प्रसन्न होने का भी यही रहस्य है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# सावधान! शादी के नाम पर चल रहा था ठगी का खेल

## राजनांदगांव पुलिस ने 'लव लाइफ' मैरिज ब्यूरो के फर्जीवाड़े का किया भंडाफोड़









**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।।** 1 अप्रेल शादियां स्वर्ग में तय होती हैं या नहीं, यह तो पता नहीं, लेकिन राजनांदगांव के बसंतपुर क्षेत्र में 'लव लाइफ' के नाम पर ठगी का नरक जरूर चलाया जा रहा था। राजनांदगांव पुलिस ने एक ऐसे ही फर्जी मैरिज ब्यूरो का पर्दाफाश किया है, जो युवतियों की फर्जी आईडी दिखाकर कुंवारे युवकों की जेब खाली कर रहा था। पुलिस ने ब्यूरो के संचालक और डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी लव लाइफ रिश्ते मैरिज ब्यूरो का संचालन कर रहे थे। और इस मामले में इनका तरीका बेहद शातिर था, ये इंटरनेट से युवतियों की तस्वीरें डाउनलोड कर उनकी फर्जी प्रोफाइल बनाते थे और व्हाट्सएप के जरिए युवकों को भेजते थे। एक बार युवक जाल में फंसा, तो रजिस्ट्रेशन, वीआईपी पैकेज और फैमिली मीटिंग के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूली जाती थी। 37 लाख से अधिक का काला कारोबार इस मामले में पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के बाद जब स्पेशल टीम ने दबिश दी, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। आरोपियों के बैंक खातों की जांच में पिछले एक साल के दौरान 37,69,000 रुपये का संदिग्ध लेनदेन पाया गया है। पुलिस ने मौके से 07 एंड्रॉइड मोबाइल, 14 की-पैड फोन और 09 रजिस्टर जप्त किए हैं। मोबाइल की जांच में 2286 युवतियों के फोटो मिले हैं, जिनका उपयोग फर्जी प्रोफाइल बनाने में किया जाता था। इस मामले में आरोपी नेहा पाठक (23 वर्ष) निवासी लेबर कॉलोनी, राजनांदगांव, धर्मेंद्र मानिकपुरी (32 वर्ष) निवासी जंगलपुर (कबीरधाम), हाल मुकाम रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी, राजनांदगांव को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। राजनांदगांव पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि ऑनलाइन मैरिज ब्यूरो या सोशल मीडिया पर मिलने वाले रिश्तों की बिना पूर्ण सत्यापन के किसी भी प्रकार का भुगतान न करें। सावधानी ही ठगी से बचने का एकमात्र उपाय है।

## करमरी में मृत अवस्था पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रार्थी गिरवर लाल मुनेन्द्र पिता स्व0 बंगाली राम मुनेन्द्र उम्र 63 साल निवासी ग्राम करमरी डोंगरगांव द्वारा



रिपोर्ट दर्ज कराया कि एक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 42 साल का ग्राम करमरी के लीलाराम साहू के खेत के परसा पेड़ मेड़ के पास मृत अवस्था मे पाया गया जिसका पहचान गांव के लोगो के द्वारा कराया गया है, पुलिस ने गांव वालों से उक्त मृत व्यक्ति के बारे जानकारी ली गई तो लोग जानने व पहचानने से इन्कार किये, जो देखने से शायद यह व्यक्ति जिसकी मानसिक स्थिति खराब होना प्रतीत होता है 31मार्च को 12:30 बजे के आसपास देखा गया जो खेत मे मृत अवस्था में पड़ा हुआ है जिसका हुलिया रंग- काला, सिर का बाल काला हुआ, दुबला-पतला, बदन में छीटदार गुलाबी व सफेद रंग का चेकदार शर्ट एवं नीला रंग का चड्डा पहना हुआ है। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव 24/2026 धारा-194 बीएनएसएस कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया है। पुलिस द्वारा अज्ञात मृतक के वारिसानों का पता तलाष किया जा रहा है।

## गायत्री विद्यापीठ में नए प्राचार्य अंकित व्यास ने संभाला पदभार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की प्रतिष्ठित संस्था गायत्री विद्यापीठ में आज नए प्राचार्य श्री अंकित



व्यास ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में गरिमामय एवं सादगीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन, समस्त शिक्षकवृंद, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन जी द्वारा श्री अंकित व्यास का तिलक वंदन कर प्राचार्य पद की घोषणा की गई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा श्री व्यास को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी हेतु शुभकामनाएँ दी गई। अपने प्रथम संबोधन में प्राचार्य श्री अंकित व्यास ने कहा कि वे विद्यालय की गौरवशाली परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन एवं संस्कारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। विद्यालय परिवार ने नए प्राचार्य के नेतृत्व में संस्थान को नई ऊँचाईयों तक पहुँचाने का विश्वास जताया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, सह स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री मनोज चितलांग्या, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्री अंकित व्यास, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रॉंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

## घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने पर ग्राम गठुला के दो होटलों पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा जिले में घरेलू रसोई गैस के अवैध व्यावसायिक उपयोग एवं गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। इसी क्रम में आज खाद्य विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गठुला स्थित होटल एवं ढाबों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासन द्वारा नागरिकों को रियायती दर पर प्रदाय किए जाने वाले घरेलू सिलेंडरों का उपयोग दो होटलों में व्यावसायिक भोजन पकाने के लिए किया जा रहा था। साथ ही मौके पर व्यावसायिक (कमर्शियल) सिलेंडरों का भी अवैध भंडारण पाया गया। जिसके

### 7 गैस सिलेंडर जप्त

संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज या बीजक प्रस्तुत नहीं किए जा सके। कार्रवाई करते हुए दोनों प्रतिष्ठानों से कुल 7 गैस सिलेंडर जप्त किए गए है। जिसमें 3 नग घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) एवं 4 नग व्यावसायिक गैस सिलेंडर (19 किलोग्राम) शामिल है। खाद्य विभाग द्वारा इन दोनों होटलों के विरूद्ध द्रविकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। खाद्य अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करना न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक है। जिले के अन्य क्षेत्रों, विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ढाबों और शहरी क्षेत्रों के भोजनालयों में यह जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित फर्म के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और जप्ती की प्रक्रिया की जाएगी।

## भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की जयंती कांग्रेसजनों ने मनाई



**डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव द्वारा मारगांव मंडल के ग्राम कोनारी मे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा एक सभा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उनके योगदान, त्याग और देशभक्ति को याद करते हुए उपस्थित जनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि बिसाहू दास महंत का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाते हुए देश की आज़ादी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। संगोष्ठी में उनके आदर्शों को अपनाने और समाज सेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में उनके बताए मार्ग पर चलने और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया इस कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी टिकेश साहू, डॉ नरेंद्र साहू, रोशन यदु, लिलेश पटेल, मयंक यदु, अशोक साहू, तिलोक निर्मलकर, टिंकू देवगान, छोटू राजपूत, सालिक राम, सिब्बू देवगान, दुर्गेश पटेल, विनय, टोकूराम, खिलेश्वर पटेल, पीयूष पटेल, मनीष, अजय बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित है।

## मोटर चोरी का खुलासा: 3 आरोपी गिरफ्तार, 3 नाबालिग हिरासत में

### करीब 3.90 लाख की मोटर चोरी कर कबाड़ियों को बेचा, पुलिस ने किया बरामद



**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** थाना छुईखदान पुलिस ने मोटर चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 3 विधि से संघर्षरत बालकों को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान, तांबा, औजार और वाहन जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, वहीं नाबालिगों को किशोर न्यायालय राजनांदगांव में प्रस्तुत किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 01 छुईखदान निवासी संदीप वैष्णव ने 31 मार्च को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम गोपालपुर स्थित रिपा प्रोजेक्ट (राधापुरङ्खार आमगांव मार्ग) के कचरा संग्रहण केंद्र से अज्ञात चोरों ने 26 से 27 मार्च की रात शटर का ताला तोड़कर 9 नग मोटर एवं 1 बोर मोटर चोरी कर ली। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 3 लाख 90 हजार रुपए आंकी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि वे मोटरसाइकिल और स्कूटी से रात के समय घटना स्थल पहुंचे थे और औजारों की मदद से मोटरों को खोलकर कटर मशीन से काट लिया। इसके बाद चोरी का माल कबाड़ियों को बेच दिया गया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने चोरी का सामान नासिर उर्फकब्बु को 2,000 रुपए तथा रामसुफ्ल को 4,000 रुपए में बेच दिया था और प्राप्त रकम को आपस में बांट लिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 मोटर, मोटर के कटे हुए टुकड़े, करीब 4 किलो 400 ग्राम तांबा, लोहे के औजार (सब्बल, पाना, पेचकस, कटर मशीन आदि), एक मोटरसाइकिल एवं एक स्कूटी सहित अन्य सामग्री जब्त की है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों में रवि निषाद (19 वर्ष), निवासी केंवट पारा छुईखदान, रामसुफ्ल निषाद (45 वर्ष), निवासी सिवनी (हाल निवास देवपुरा, गंडई) एवं नासिर खान उर्फ कब्बु (50 वर्ष), निवासी छुईखदान शामिल हैं। वहीं 3 विधि से संघर्षरत बालकों को भी अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय में पेश किया गया।

## पौवा देशी शराब के साथ आरोपी पकड़ाया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 31.मार्च को ग्राम कोकपुर से आसरा मोड के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रख कर



बिक्री कर रहा था , पुलिस को सूचना मिलते ही तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर ग्राम कोकपुर से आसरा के पास घेराबंदी कर एक आरोपी को पकडा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 33 पौवा देशी शराब शोले जप्त की गई। आरोपी ऋषिकेश उर्फरीतिक वैष्णव पिता राकेश वैष्णव, उम्र 26 साल, निवासी आसरा, डोंगरगांव के विरुद्ध पंचनामा तैयार कर विधिवत जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है।

# सिद्ध पीठ बालाजी मंदिर में धूमधाम से मनेगा हनुमान जन्मोत्सव पर्व

## आरती-पूजा सहित भजन- कीर्तन, सामूहिक रामायण पाठ, सुंदर काण्ड पाठ की रहेगी धूम, दोपहर महाप्रसादी वितरण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को महावीर हनुमान जयंती की धूम रहेगी। शहर सहित पूरे अंचल भर में 2 अप्रैल को श्री राम भक्त हनुमान जी की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। बता दें कि वीरवर हनुमान जन्मोत्सव पर्व को लेकर भक्तों में खासा उल्लास बना हुआ है। पुराना गंज चौक समीप स्थित सिद्ध पीठ बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आज 1 अप्रैल को सुबह 9 बजे से अंखड रामायण पाठ आयोजित है वहीं कल 2 अप्रैल को सुबह 5 बजे से लेकर देर शाम रात तक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।? बाल समाज के संयोजक दामू भूतड़ा ने बताया कि मंगलवार को बालाजी मंदिर में महिलाओं द्वारा दिन भर रामायण पाठ व हनुमान चालीसा पाठ जारी रहा वहीं आज बुधवार को 1 अप्रैल को मंदिर में सुबह 9 बजे से अखंड रामायण पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है

**भगवान बालाजी का होगा दुग्धाभिषेक**

हनुमान जयंती अवसर पर सिद्ध पीठ बालाजी मंदिर में जन्मोत्सव पर्व धूमधाम से मनाने के लिए दामू भूतड़ा, संतोष हूंका ,सचिन अग्रहरि,नंदू भूतड़ा,पवन डागा ,मनीष खंडेलवाल,नीरज माहेश्वरी, बिसन अग्रवाल, विकास अग्रवाल,मोहन मेश्राम ,मनोज बैद,राजू खंडेलवाल, रतन,कैलास राठी, राजेश पोरवाल आदि जुटे हुए हैं। मंदिर के पुजारी हनुमान प्रसाद शर्मा ने बताया कि 150 वर्ष पुरानी सिद्ध पीठ बालाजी मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जयंती की धूम रहेगी। इस अवसर पर सुबह प्रभात फेरी तत्पश्चात 5 बजे से सामूहिक रामायण पाठ,8 बजे भगवान बालाजी का दुग्धाभिषेक तदुपरांत 9 बजे श्रृंगार आरती,10 बजे पूजन -हवन के बाद सुंदर काण्ड का पाठ तत्पश्चात दोपहर12 बजे से 3 बजे तक महाप्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि बालाजी मंदिर में विगत 45 साल से हनुमान जन्मोत्सव पर महाप्रसादी का वितरण किया जा रहा है।? हनुमान भक्त एवं श्रद्धालु जन भगवान बालाजी हनुमान की महाप्रसादी कृपा प्रसाद के रुप में ग्रहण करते हैं।



इसके बाद 4 बजे से सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ तत्पश्चात शाम 7 :30 बजे भगवान बालाजी की महाआरती होगी। इसके बाद शाम 8 बजे से भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।बाल समाज के संयोजक दामू भूतड़ा ने हनुमान जयंती पर सिद्ध पीठ बालाजी धाम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में पधार कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com